हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:06, अंक:-09, पृष्ठ: 12 | बुधवार, 15 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# दो आरोपी जेल से रिमांड पर लिए

## राम मंदिर चढ़ावा चोरीः पुलिस पूछताछ में खुल सकते हैं कई राज

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस बुधवार सुबह जिला जेल से आरोपी रमाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव को 14 घंटे की कस्टडी रिमांड के लिए लेकर निकल गई। सुबह करीब 8:10 बजे पुलिस टीम जिला जेल पहुंची। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई।

इसके बाद उन्हें पुलिस लाइन स्थित अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया। मेडिकल परीक्षण के बाद पुलिस लाइन परिसर में दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ होगी। पूछताछ के आधार पर उनकी निशानदेही पर संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की जाएगी। इस दौरान पुलिस लाइन के



प्रवेश द्वार पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अब तक चार आरोपियों से कस्टडी रिमांड पर पूछताछ कर चुकी है और उनकी निशानदेही पर नगदी, आभूषण तथा दो चार पहिया वाहन बरामद कर चुकी है। रमाशंकर मिश्रा के पास से पहले करीब सात लाख रुपये बरामद हुए थे, जबकि गणना प्रभारी रहे सुभाष श्रीवास्तव के पास से अब तक कोई नकदी बरामद नहीं हुई है।

**पुलिस ने सात दिन की मांगी थी रिमांड**

बताते चलें कि अदालत ने आरोपी रमाशंकर मिश्रा और गढ़ना प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव की 14 घंटे की पुलिस रिमांड मंजूर की है। विवेचक आशुतोष तिवारी ने कोर्ट से सात दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने 14 घंटे की रिमांड स्वीकृत की। अब पुलिस दोनों आरोपियों को कस्टडी में ले चुकी है, इनसे पूछताछ करेगी।

## पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहींः सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर से कहा है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के मुताबिक भारत सरकार देश से बाहर यात्रा के लिए भारतीय नागरिकों को पासपोर्ट जारी करता है। मंत्रालय ने कहा कि यह एक डॉक्यूमेंट है जो पूरी जांच और वेरिफिकेशन के बाद जारी किया जाता है। इसका संचालन पासपोर्ट अधिनियम, 1967 तथा पासपोर्ट नियम, 1980 के तहत होता है। जायसवाल ने बताया कि देश के 8% से भी कम नागरिकों के पास पासपोर्ट है। विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद विपक्षी कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की थी। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि पासपोर्ट नागरिकता का दस्तावेज नहीं है तो फिर कौन सा दस्तावेज नागरिकता का सबूत है।

## मणिपुर में असम राइफल्स कैंप पर भीड़ का हमला, तीन वाहन फूंके, भड़की हिंसा

**मणिपुर।** सेनापति जिले में असम राइफल्स के एक कैंप पर देर रात हिंसक भीड़ ने हमला कर दिया। भीड़ ने कैंप पर पथराव किया, तोड़फोड़ की और सुरक्षा बलों के तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह घटना उस तलाशी अभियान के कुछ घंटे बाद हुई, जिसे असम राइफल्स ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया था। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, असम राइफल्स को सूचना मिली थी कि माकुइलोंगदी इलाके में हथियारबंद उग्रवादी मौजूद हैं। यह स्थान एनएससीएन (आईएम) के ओकलोंग स्थित निर्धारित कैंप से करीब दो किलोमीटर पश्चिम में है। इसी सूचना के आधार पर इलाके में गश्त और तलाशी अभियान शुरू किया गया। हिंसा के दौरान असम राइफल्स के एक हल्के वाहन को आग लगा दी गई। इसके अलावा दो ट्रकों को पलटकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता आज से लागू, 99% भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) आज से लागू हो गया है। इसे पिछले कुछ वर्षों में भारत के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौतों में से एक माना जा रहा है। सरकार का दावा है कि इससे किसानों, श्रमिकों, एमएसएमई, निर्यातकों और सेवा क्षेत्र को जबरदस्त लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला यह छठा मुक्त व्यापार समझौता है। इससे पहले भारत मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) और ओमान के साथ ऐसे समझौते लागू कर चुका है।


भारत-यूके सीईटीए केवल टैरिफ घटाने वाला समझौता नहीं, बल्कि व्यापार, निवेश, सेवाओं और रोजगार के नए अवसरों का व्यापक ढांचा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, यह भारत के व्यापारिक इतिहास का एक अहम पड़ाव है। इससे टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं कम होंगी। भारतीय उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों, उद्योगों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप तथा युवा पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे।



सीईटीए के तहत भारत और ब्रिटेन सैकड़ों उत्पादों पर आयात शुल्क कम या समाप्त करेंगे। इसके अलावा डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद, एमएसएमई, निवेश, बौद्धिक संपदा, श्रम, पर्यावरण और सेवा क्षेत्र से जुड़े नियमों को भी सरल बनाया गया है। समझौते में कुल 30 अध्याय शामिल हैं, जिससे इसे भारत का सबसे व्यापक एफटीए माना जा रहा है।

**भारत को ये होंगे लाभ**

इस करार से भारत के करीब 99 फीसदी निर्यात को ब्रिटिश बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इसके अलावा ब्रिटेन से आने वाले कई उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया जाएगा। इससे कीमतों में कमी आएगी। पहली बार ब्रिटेन की कंपनियों को भारत सरकार की करीब 40 हजार उच्च मूल्य वाली निविदाओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



# अमेरिका ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

## ईरान का बहरीन, कुवैत, जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर अटैक



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया।

उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं आया, तो अगले हफ्ते बिजलीघरों और पुलों को भी निशाना बनाया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा और होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी रणनीति जारी रखेगा। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान का पिकऐक्स माउंटेन न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स अमेरिकी निशाने पर है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो इस ठिकाने पर भी हमला किया जा सकता है। यह ठिकाना नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी के पास पहाड़ के भीतर बनाया गया है। माना जाता है कि इसकी सुरंगें करीब 100 मीटर मोटी चट्टानों के नीचे हैं। ईरान का कहना है कि यहां एडवांस सेंट्रीफ्यूज बनाए जाते हैं, जबकि पश्चिमी देशों को शक है कि इसका इस्तेमाल यूरेनियम संवर्धन या परमाणु कार्यक्रम के दूसरे हिस्सों के लिए भी हो सकता है।

**इजराइल की फंडिंग रोकने के पक्ष में अमेरिकी डेमोक्रेट सांसद**

अमेरिका के डेमोक्रेट सांसदों का एक वर्ग अब इजराइल को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकने के पक्ष में खुलकर सामने आ गया है। प्रोग्रेसिव डेमोक्रेट्स के नेता ग्रेग कासार ने इजराइल की सेना के लिए प्रस्तावित 3.3 अरब डॉलर की सहायता रोकने वाले संशोधन का समर्थन करने का ऐलान किया। कासार ने कहा कि गाजा और लेबनान में सैन्य कार्रवाई के लिए इस्तेमाल होने वाली अमेरिकी सहायता अब बंद होनी चाहिए। वहीं, डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि वह ऐसे देश को सैन्य सहायता देने के पक्ष में वोट नहीं देंगे, जिस पर गाजा में नरसंहार के आरोप हैं। इससे अमेरिकी राजनीति में इजराइल को मिलने वाली सैन्य मदद को लेकर मतभेद और गहरे होते दिख रहे हैं।

## गडकरी बोले- 2004 से पेट्रोल में एथेनॉल मिल रहा

### गाड़ियों को नुकसान का कोई सबूत नहीं



**नई दिल्ली।** देश में ई-20 पेट्रोल, एथेनॉल, माइलेज और गाड़ियों पर इसके असर को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सभी सवालों के जवाब दिए।

उन्होंने कहा कि एथेनॉल से गाड़ियां खराब होने का कोई प्रमाण नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि वैकल्पिक ईंधन से देश का तेल आयात कम होगा, प्रदूषण घटेगा और किसानों की आय बढ़ेगी।

मैं परिवहन मंत्री हूं और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के मानक तय करना मेरा अधिकार है। कौन-सा ईंधन इस्तेमाल होगा, इसका अंतिम फैसला पेट्रोलियम मंत्रालय करता है। मैं पिछले 25 साल से किसानों के हित में वैकल्पिक ईंधन पर काम कर रहा हूं। देश 22 लाख करोड़ रुपए का पेट्रोलियम आयात करता है। दिल्ली के प्रदूषण का 40% हिस्सा परिवहन से आता है। इसे कम करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

देश को हर साल करीब 1450 करोड़ लीटर एथेनॉल की जरूरत है, जबकि हमारी उत्पादन क्षमता 1750-1800 करोड़ लीटर तक पहुंच चुकी है। एथेनॉल सिर्फ गन्ने से नहीं, बल्कि मोलासेस, मक्का, टूटे चावल, पराली और बांस से भी बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 लाख करोड़ रुपए का तेल आयात बचा है, प्रदूषण कम हुआ है और किसानों की आय बढ़ी है।

## खजुराहो एयरपोर्ट की बड़ी उड़ान: देश के सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट का मिला खिताब

**खजुराहो।** मध्य प्रदेश के खजुराहो हवाई अड्डे ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के वर्ष 2026 के राष्ट्रीय ग्राहक संतुष्टि सूचकांक में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, राजधानी भोपाल स्थित राजा भोज हवाई अड्डा तीसरे स्थान पर रहा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और सेवा गुणवत्ता के मामले में दोनों हवाई अड्डों का शीर्ष स्थानों पर पहुंचना मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध खजुराहो मंदिरों का भ्रमण करने आने वाले देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए बेहतर हवाई संपर्क और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध होने से क्षेत्रीय पर्यटन को नई गति मिलेगी। संतोष सिंह ने इस सफलता का श्रेय पूरे एयरपोर्ट स्टाफ की कड़ी मेहनत, यात्रियों के विश्वास और बेहतर सेवाएं प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट प्रबंधन का लक्ष्य भविष्य में भी यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना और सेवा गुणवत्ता में लगातार सुधार करना है।



## पुरी रथयात्रा कल से, 6 महीने पहले से होटल बुकिंग: 1500 का कमरा 50 हजार में मिल रहा

**ओडिशा।** पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार से शुरू होगी। यह भव्य उत्सव 24 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। रथयात्रा को लेकर पुरी के होटल और लॉज पूरी तरह फुल हो चुके हैं।

जिला प्रशासन के मुताबिक, इस साल फरवरी से ही बुकिंग शुरू हो गई थी। मंदिर और रथयात्रा मार्ग के आसपास के होटल-लॉज की सबसे ज्यादा मांग है। खासकर जिन होटलों की बालकनी या खिड़की रथयात्रा मार्ग की ओर खुलती है, उनके लिए सबसे ज्यादा मारामारी है। पिछले साल के मुकाबले होटल और लॉज का किराया 10 गुना तक बढ़ गया है। जिन लॉज का सामान्य किराया 1500 से 2000 रुपए होता है, उनका किराया रथयात्रा के दौरान तीन दिन के लिए 50 हजार रुपए तक पहुंच गया है। पूरे शहर में करीब 1200 होटल हैं।

# 'सोनम वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कर कराएं फोर्स फीडिंग'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीती 28 जुलाई से आमरण अनशन कर रहे हैं। सोनम वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए और उनकी जान बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर उन्हें जबरन भोजन (फोर्स-फीडिंग) दिया जाए। दायर याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकारों को वांगचुक को जबरन खाना खिलाने के निर्देश देने की मांग की गई है। बता दें कि सोनम वांगचुक दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे हैं। यहां उनके भूख हड़ताल को 18 दिन हो चुके हैं। वे




कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक के समर्थन में अनशन पर बैठे हैं। पार्टी संस्थापक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

उनका आरोप है कि मई में हुई परीक्षा पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्र प्रभावित हुए। वांगचुक की बिगड़ती सेहत को लेकर चिंता जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका शरीर लगातार कमजोर हो रहा है, मांसपेशियों में दर्द है और उनका वजन 8.5 किलोग्राम कम हो चुका है। उनका ब्लड प्रेशर 109/70 दर्ज किया गया है। हजारों समर्थक उनसे अनशन समाप्त करने की अपील कर रहे हैं, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग हैं।

उधर, सीजेपी ने घोषणा की है कि वह संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, यानी 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद भवन तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकालेगी। सीजेपी ने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और आम नागरिकों से इस मार्च में शामिल होने की अपील की है। इस आंदोलन की मुख्य मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाना है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
बुधवार, 15 जुलाई, 2026




# बरसे बादल

## सुबह हुई झमाझम बारिश, उमस भरी गर्मी से राहत

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में आखिरकार बादल बरसे। सुबह से ही घने काले बादलों का डेरा छाया रहा। 8 बजे के बाद से बूंदाबांदी शुरू होने लगी और 9 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। आधा घंटे से अधिक समय तक काफी तेज बारिश हुई। हल्की हवा भी चल रही है। इससे आगरा का मौसम सुहावना हो गया है। हालांकि बारिश की वजह से कई जगह पर जलभराव भी हो गया है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि दिन में तेज हवाओं के साथ फिर से बूंदाबांदी हो सकती है।

बुधवार की सुबह बादल के छाने से हुई दिन में तेज हवाओं के साथ



बूंदाबांदी या बारिश की संभावना जताई गई थी। 9 बजे बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे की बारिश से मौसम पूरी तरह से बदल गया।

पिछले 4 दिनों में आगरा में बूंदाबांदी तक नहीं हुई थी। पिछली बारिश 4 दिन पहले शुक्रवार 10 जुलाई को हुई थी। एक जुलाई से अब तक आगरा में 180.5 एमएम बारिश हो चुकी है।

एक दिन पहले मंगलवार को दिनभर मौसम साफ रहा था। दिनभर तेज धूप रही। दोपहर में गर्मी ने बेहाल कर दिया था। लोग उमस से परेशान थे। आगरा में पिछले 4 दिनों से न बारिश हुई और न ही बूंदाबांदी। इसके चलते गर्मी का अहसास अधिक हो रहा है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस था।

आगरा में 7 से 10 जुलाई के बीच ठीकठाक बारिश हो गई थी। 11 जुलाई से बारिश नहीं हुई। एक जुलाई से 13 जुलाई तक 180.5 एमएम बारिश हो चुकी है। जोकि सामान्य से 38% अधिक है। आगरा में इस सीजन में आखिरी बार 8 जुलाई को झमाझम बारिश हुई थी।

मौसम विभाग के अनुसार, आज पूरे दिन बादल छाए रहेंगे। बारिश के बाद भी बूंदाबांदी होती रहेगी। 19 जुलाई से एक बार फिर से आगरा का मौसम बदलेगा। तेज आंधी के साथ दिन में एक या दो बार बारिश हो सकती है।

## संत प्रेमानंद के शिष्य के घर से 2.90 करोड़ की चोरी

**मथुरा** एनएनआई। जैंत थाने की पुलिस ने वृंदावन के सुनरख क्षेत्र में प्रेमानंद महाराज के शिष्य के यहां 2.90 करोड़ रुपये चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2.60 करोड़ रुपये, एक फॉक्सवैगन वर्टस कार, सोने-चांदी के आभूषण, ब्रांडेड घड़ियां, कपड़े, जूते, एप्पल, सैमसंग और वीवो कंपनी के चार मोबाइल फोन, जिम व स्विमिंग किट तथा घटना में प्रयुक्त टाटा पंच कार जब्त की है। चारों आरोपी पासपोर्ट बनवाकर दुबई भागने की फिराक में थे।

मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर एसएसपी श्लोक कुमार ने घटना का खुलासा किया है। आरोपियों की पहचान फरीदाबाद निवासी रजत, कुशीनगर निवासी आलोक तथा गुजरात के सूरत निवासी प्रेम सागर और हीरेन के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि गुजरात निवासी राकेश प्रजापति का बेटा वृंदावन स्थित प्रेमानंद महाराज जी के आश्रम में दीक्षारत है। धार्मिक जीवन बिताने के उद्देश्य से गुजरात में 2.90 करोड़ रुपये की संपत्ति बेचकर बेटे की तरह पिता राकेश प्रजापति भी सुनरख में रहने लगे थे। उन्होंने किराये पर एक फ्लैट लिया था। उनके पड़ोसी आलोक किराये पर गेस्ट हाउस चलाता है। इस कारण आलोक का उनके घर आना-जाना हो गया। उसने राकेश यहां रखी भारी नकदी की जानकारी अपने साथियों को दे दी और चोरी की योजना बनाई। घटना वाले दिन आलोक राकेश को कुटिया निर्माण के लिए प्लॉट दिखाने के बहाने मांट क्षेत्र ले गया, जबकि उसके तीन साथियों ने सुनरख स्थित फ्लैट का ताला तोड़कर अलमारी व बेड में रखी 2.90 करोड़ रुपये चोरी कर लिए।

# हाथरस में खड़े ट्रक में घुसी रोडवेज बस, एक की मौत:18 यात्री घायल

एनएनआई

**मथुरा।** हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 3 बजे एक रोडवेज बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक यात्री की मौते हो गई, वहीं 18 घायल हो गए। बस फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही थी। जिसमें कुल 20-25 यात्री सवार थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिकंदराराऊ में भर्ती कराया गया। जहां से 2 गंभीर रूप से घायल यात्रियों को अलीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के अरनोट गांव के पास बुधवार सुबह कौशांबी डिपो की एक रोडवेज बस लोहे से लदे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 18 यात्री घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें अलीगढ़ रेफर किया गया है। कौशांबी डिपो की यह रोडवेज बस फर्रुखाबाद से 20-25 यात्रियों को



लेकर दिल्ली जा रही थी। अरनोट गांव के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लोहे से लदे ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने टक्कर की आवाज को किसी विस्फोट जैसा बताया। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अमित पाठक, थाना प्रभारी शिवकुमार शर्मा और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से और एंबुलेंस के जरिए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद, सुरक्षित यात्रियों को दूसरी रोडवेज बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

घायलों में फर्रुखाबाद निवासी दीपक (22 वर्ष) पुत्र प्रमोद कुमार और अमृतपुर, फर्रुखाबाद निवासी अमित (28 वर्ष) पुत्र फूल सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें बेहतर उपचार के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ रेफर किया गया है।

# कारोबारी ने दांव पर लगा दी 10 वर्षीय बेटी

## कर्ज से बचने के लिए अपहरण की झूठी साजिश रची

एनएनआई

**आगरा।** कारोबार में घाटे के बाद कर्जदारों से बचने और शुभचिंतकों से मदद के नाम पर रुपये ऐंठने के लिए पिता ने ही अपनी 10 वर्ष की बेटी के अपहरण की पटकथा तैयार की थी। रुपयों का लालच देकर दोस्त को भी साजिश में शामिल किया था। बेटी को डांस क्लास की जगह खुद अपने दोस्त के घर पर छोड़ा था। खुद ही फिरौती का पत्र प्रिंट करवाकर पुलिस को दिया था। पुलिस पहुंची तो दोस्त ने पूरी साजिश की कहानी बता दी। आरोपी पिता और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है।

एसीपी लोहामंडी गौरव कुमार ने बताया कि 10 जुलाई को शाम के समय जगदीशपुरा क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने 10 वर्षीय बेटी के प्रतापनगर स्थित वायरस डांस एकेडमी से नहीं लौटने की शिकायत की थी। घर पर 40 लाख रुपये फिरौती मांगने का पत्र भी भेजे जाने की



जानकारी दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग देखी तो बच्ची डांस क्लास आते नहीं दिखी। पूरे इलाके में चेकिंग शुरू की गई। तीनों थाने के फोर्स को सक्रिय कर दिया गया।

दो घंटे बाद बच्ची नाटकीय ढंग से खुद लौट आई। घर के पास लगे कैमरों में वह अकेले ही आती दिखी। पुलिस टीम ने बच्ची से बात की तो वह कार चालक द्वारा ले जाने और फिर वापस छोड़ने की बात कहने लगी। कुछ याद नहीं होने की बात कहकर चुप हो गई। पुलिस ने बच्ची के लौटने के रास्ते के सीसीटीवी चेक किए तो एक बाइक सवार उसे छोड़कर जाता दिखा। जांच करने पर बाइक का नंबर पता चल गया। बाइक एमएम गेट क्षेत्र के युवक की निकली। मंगलवार को पुलिस टीम जब उसके घर पहुंची तो वह डर गया। उसने अपहरण का ड्रामा रचने की पूरी जानकारी दी।

पूजा सामग्री का कारोबार करने वाले युवक के कारोबार में घाटा हुआ था। कर्जदार उससे तकादा कर रहे थे। कारोबार के लिए उसे रुपयों की जरूरत थी। इसलिए उसने बेटी का अपहरण होने का नाटक करने का प्लान बनाया। वह सहानुभूति लेना चाहता था। इससे कर्जदार उससे रकम मांगना बंद कर देते और फिरौती देने के नाम पर वह रिश्तेदारों और परिचितों से रकम ले लेता। पुलिस की सख्ती से उसका दोस्त डर गया और बेटी को बाइक से घर छोड़ आया। इससे पूरी साजिश की कलई खुल गई।

# डीएसएस पिटाई प्रकरण: डीआरएम कार्यालय पर हंगामा, हाथापाई और धक्का-मुक्की

एनएनआई

**आगरा।** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के डीएसएस नरेंद्र सिंह चाहर की पिटाई के विरोध में मंगलवार को डीआरएम कार्यालय पर छह घंटे से अधिक समय तक हंगामा, नारेबाजी और नोकझोंक, पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की और हाथापाई हुई। जीआरपी, आरपीएफ के साथ ही सदर थाने के फोर्स को बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने रेल ट्रैक उखाड़ने, शताब्दी ट्रेन रोकने और रेल यातायात ठप करने की चेतावनी दी। डीआरएम ने जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया मगर शाम तक कोई समाधान नहीं निकला।

आगरा कैंट स्थित डीआरएम कार्यालय पर ऑल इंडिया रेलवे स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन उस समय उग्र हो गया, जब प्रदर्शनकारी तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। सुबह करीब 10:30 बजे एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी शरतचंद पुरोहित दिल्ली से आगरा पहुंचे। सबसे पहले आगरा कैंट स्टेशन पर स्टेशन मास्टरों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सभी कर्मचारी



जुलूस के रूप में डीआरएम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर आरपीएफ के खिलाफ नारे लगाए और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो शताब्दी ट्रेन रोकी जाएगी, रेल ट्रैक उखाड़े जाएंगे और रेल यातायात ठप किया जाएगा। इसी बीच नरेंद्र सिंह चाहर की पत्नी हरेंद्री चाहर ने एक घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर रेल ट्रैक पर जान देने की चेतावनी दी, जिससे मौके पर तनाव और बढ़ गया। स्थिति बिगड़ने पर डीआरएम गगन गोयल स्वयं प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के लिए बाहर आए। उन्होंने कहा कि मामले की जांच समिति गठित की जा चुकी है और रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि प्रदर्शनकारी तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद भी डीआरएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी और विरोध जारी रहा।

# डौकी में युवक को रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा

एनएनआई

**आगरा।** थाना डौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक महिला समेत तीन लोगों ने एक युवक को बीच सड़क पर पहले पत्थरों से हमला कर घायल किया, फिर रस्सियों से बांधकर बांस से बेरहमी से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

वायरल वीडियो में युवक को रस्सियों से बांधकर पीटते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने का प्रयास नहीं किया। घटना थाना डौकी क्षेत्र की बताई जा रही है। हालांकि मारपीट के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

वीडियो वायरल होने के बाद थाना डौकी पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपितों की पहचान करने के साथ घटना की परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की घटना से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है। लोगों ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।




## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# तीन दिन से लापता गार्ड की लाश नाले में मिली

एनएनआई

**आगरा।** थाना एकता की पंचवटी कॉलोनी में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करने वाले 50 वर्षीय अब्दुल कलाम 11 जुलाई से लापता थे। मंगलवार को परिजनों ने सीसीटीवी देखने के बाद कॉलोनी के पास नाले में तलाश की तो उनका शव नाले में मिला। परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

नगला मेवाती निवासी आलिया ने बताया कि उनके पिता अब्दुल कलाम तीन वर्षों से पंचवटी कॉलोनी सुरक्षाकर्मी की नौकरी करते थे। 11 जुलाई को सुबह 11 बजे वह घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। शाम 7 बजे कॉलोनी से निकले थे पर घर नहीं पहुंचे। मोबाइल भी बंद जा रहा था। कॉलोनी जाकर उनके मैनेजर से बात की पर उसने कोई सहयोग नहीं किया और जानकारी न होने की बोलकर पल्ला झाड़ दिया। काफी कहने पर भी सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग नहीं दिखाई।

इस पर उन्होंने पुलिस को गुमशुदगी का प्रार्थनापत्र दिया। मंगलवार को वह मां बिलकिश और अन्य परिजन के साथ कॉलोनी पहुंचे। कॉलोनीवासियों के कहने पर रिकॉर्डिंग दिखाई गई। रिकॉर्डिंग में 11 जुलाई की शाम 7 बजे पिता सड़क पार करते हुए दिखे। इसके बाद सड़क किनारे नाले में जाकर देखा तो थोड़ी दूर पर नाले में पिता का शव दिख गया। अब्दुल कलाम के परिवार में पत्नी और पांच बच्चे हैं। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। प्रथम दृष्ट्या मामला हादसा लग रहा है।


# कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा को मासिक किराये के आधार पर एक टैक्सी 01 वर्ष के लिए आवश्यकता है।

आप सभी को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय, कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड, 5 जवाहर नगर खंदारी चौराहा, आगरा को मासिक किराये के आधार पर एक टैक्सी (स्विफ्ट डिजायर /हौंडा अमेज) की 01 वर्ष (01.09.2026 से 31.08.2027) तक के लिए आवश्यकता है जिसके तहत टैक्सी 2026 के नये माडल की होनी चाहिए। उक्त कार्य हेतु नियम शर्ते एवं दर निविदा आवेदन पत्र क्षेत्रीय कार्यालय , आगरा से दिनांक : 22.07.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से साँय 5.30 बजे तक निशुल्क प्राप्त कर सकते है।

उक्त कार्य हेतु पार्टी के पास GST, PAN, टैक्सी परमिट कार एवं अपनी टैक्सी होना अनिवार्य है। इच्छुक पार्टियां रु.10,000/- ( दस हजार मात्र) धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जो कि 'कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड' के पक्ष में लखनऊ पर देय के साथ अपनी सील बंद निविदा (लिफाफा) वरि.क्षेत्रीय प्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय, कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड, 5 जवाहर नगर , खंदारी चौराहा, आगरा के पते पर स्वयं या डाक द्वारा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 22.07.2026 , दोपहर 1.30 बजे तक जमा करा सकते है। प्राप्त सभी सील बंद निविदाएं कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा पर कृभको द्वारा गठित कमेटी के समक्ष उसी दिन दिनांक 22.07.2026 को समय 2.30 बजे प्राप्त सभी निविदायें खोली जायेगी। निविदाकर्ता उपस्थित रहना चाहे तो उपस्थित रह सकते हैं। किसी भी निविदा को स्वीकृति एवं अस्वीकृति करने का अधिकार बिना कारण बताएं कृभको के पास सुरक्षित है।

वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक
कृभको, आगरा
मो. न. 9893290517

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 15 जुलाई, 2026


# शहर ट्रैफिक व्यवस्था बेलगाम !



## सड़कों से चौराहों तक जाम

शहर के बेलगाम चौराहों के चक्रव्यूह में फंसी ट्रैफिक व्यवस्था कराह रही है। हालात इतने डरावने हो चुके हैं कि शहर में कब कहां जाम लग जाए पता नहीं। आलम यह है कि सड़क पर वाहनों का जमावड़ा देखते ही राहगीर गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरा रास्ता तलाशना शुरू कर देते हैं। हर दिन अनगिनत बार लगने वाले जाम के लिए शहर के चौराहे कुख्यात हो चुके हैं।

एनएनआई

**आगरा।** शहर की सड़कें जाम से बेहाल हैं। शहर के हर हिस्से में जाम लग रहा है। जाम के लिए कुख्यात बाजार और चौराहों से तो निकलना दुश्वार हो चला है। इसकी वजह यह है कि जितना बल और मैनेजमेन्ट ट्रैफिक कंट्रोल के लिए जरूरी है, वह मौके पर नजर नहीं आ रहा है। एमजी रोड से लेकर शहर के अंदरूनी चौराहे-तिराहे पर पल-पल में जाम लगता। आलम यह लाल-हरी बत्ती और ट्रैफिक पुलिस की फौज के बाद भी यातायात व्यवस्था संभाले नहीं संभल रही है। शहर के मदिया कटरा, तोता का ताल, लोहामंडी चौराहा और बाजार, राजामंडी, देहली गेट, घंटिया आजम खां, जौहरी बाजार, सुभाष बाजार, फुब्बारा, हींग की मंडी, बेलनगंज, दरेसी, रावतपाड़ा, और शाहगंज बाजार में तो इन दिनों एक-एक पग भारी है। लोगों का कहना है कि इन हिस्सों में ट्रैफिक मैनेजमेन्ट के नाम पर कोई इंतजाम ही नहीं किए गए। बाजारों के अंदर पार्किंग को दुरूस्त करना, सड़क घेरकर या कब्जा कर वाहनों को हटवाना जैसी कोई व्यवस्था नजर नहीं आई। सब कुछ अपनी मर्जी से चल रहा है। बाजारों में दुकानों के आगे दुकान और उनके वाहन खड़े होने से सड़कें गलियों में तब्दील हो जाती हैं।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्म चारी संघ चुनाव के लिए मतदान जारी
- देर शाम तक हो जाएगा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला, सभी धड़कनें बढ़ीं

# आज तय होगा कौन बनेगा कर्मचारियों का मुखिया !





एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव में विभिन्न पदों के लिए खड़े प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला बुधवार देर शाम तक खुल जाएगा।

विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर में आज सुबह दस बजे से शुरू हुआ मतदान दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसके बाद मतगणना शुरू होगी और देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित पांच पदों के लिए 15 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए अखिलेश चौधरी और अनिल श्रीवास्तव के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी सीधी टक्कर है। जबकि महामंत्री पद पर त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं सहमंत्री पद के लिए भी तीन और कोषाध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव अधिकारी ब्रजेश रावत ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूरी निष्पक्ष ता और पारदर्शिता से कराया जा रहा है। दोपहर दो बजे मतदान समाप्ति के बाद होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### प्रत्याशी रख रहे नजर

विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी पर सभी प्रत्याशी और उनके समर्थक लगातार रख रहे हैं। कर्मचारियों में मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। कर्मचारी भी वोट डालकर अपने-अपने प्रत्याशी के खेमे में जाकर अपनी निष्ठा प्रदर्शित कर रहे हैं।

### इंद्र देव भी हुए मेहरबान

विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव में इंद्र भी मेहरबान रहे। सुबह से शुरू हुई रिमझिम और तेज बारिश से जहां उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं मतदान शुरू होने से ठीक पहले बारिश थम गई और सुहाने मौसम में कर्मचारियों ने मतदान शुरू किया।

# बोलता है अधिकारियों का कार्य व्यवहार

## चार साल बाद एत्मादपुर पहुंचे पूर्व एसडीएम अंजनी कुमार सिंह का हुआ भव्य स्वागत







■ गोरखपुर से गाजियाबाद जाते समय लोगों ने अंजनी कुमार को रोक जताया स्नेह

एनएनआई

**आगरा।** चार साल पहले एत्मादपुर में उप जिलाधि कारी रहे पीसीएस अधिका री अंजनी कुमार का बुधवार को स्थानीय लोगों ने जोशीला स्वागत किया। वर्ष 2022 में एत्मादपुर के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रह चुके पीसीएस अधिकारी अंजनी कुमार सिंह गोरखपुर में करीब चार वर्ष तक एडीएम सिटी के पद पर रहे। जहां से उनका स्थानांतरण एडीएम (एफ एंड आर), गाजियाबाद के पद पर हुआ है। वह 15 जुलाई को अपना पद भार ग्रहण करने के मंगलवार को

गाजियाबाद जा रहे थे। इस बीच इसकी जानकारी होने पर लोग उनके स्वागत के लिए जमा हो गए। जैसे ही उनका काफिला एत्मादपुर पहुंचा, न्यूज नेक्स्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार ने अपने साथियों संग उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। ब्रजेश सिकरवार ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल व्यवहार, निष्पक्ष कार्यशैली और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को याद किया। इस अवसर पर अंजनी कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहाकि एत्मादपुर की जनता का स्नेह और अपनापन उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। एत्मादपुर में पूर्व एसडीएम के स्वागत चर्चा का विषय बना रहा। लोगों का कहना था कि ईमानदार और जनहित में कार्य करने वाले अधिकारियों को जनता हमेशा याद रखती है। इस दौरान सुशील चौहान प्रधान, विमल सिकरवार, अमित शर्मा के अलावा क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रथम दर्शन परम आनंदः जय जगन्नाथ...



■ यमुना तट पर सजे जगन्नाथ के नवयौवन दर्शन, महामंत्रों के बीच हुई पूणार्हुति

एनएनआई

**आगरा।** यमुना किनारा, बेलनगंज स्थित प्राचीन जगन्नाथ महाराज मंदिर म श्री जगन्नाथ प्रभु के नवयौवन दर्शन एवं नयन उत्सव का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाजों के साथ महा हवन द्वारा हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने महामंत्र एवं भगवान जगन्नाथ के जयघोष के साथ पूणार्हुति अर्पित की तथा विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। हवन के उपरांत भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के नवयौवन स्वरूप के दिव्य दर्शन श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु के प्रथम दर्शन कर स्वयं को धन्य माना। मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा। मंदिर के सेवायत पंडित लक्ष्मण शर्मा ने बताया कि स्नान यात्रा के उपरांत भगवान कुछ दिनों तक एकांत विश्राम (अनवसर) में विराजमान रहते हैं। इसके बाद जब भगवान पुनः भक्तों को दर्शन देते हैं, तो उसे नवयौवन दर्शन कहा जाता है। यह अवसर भगवान के नवीन, तेजस्वी एवं मनोहारी स्वरूप के दर्शन का अत्यंत दुर्लभ और पुण्यदायी पर्व माना जाता है।

मंदिर की मुखिया सरिता शर्मा ने बताया कि नयन उत्सव का सनातन परंपरा में विशेष महत्व है। मान्यता है कि स्नान यात्रा के बाद भगवान विश्राम कर पुनः स्वस्थ होकर जब भक्तों को प्रथम दर्शन देते हैं, तब उनके दर्शन करने से जीवन में सुख, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कार्यक्रम में स्नेहा शर्मा, चिराग शर्मा, पूनम भारद्वाज, रवि राठौर, पवन सिंघल, तरंग सिंघल, राकेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, राजेश खंडेलवाल आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## लड्डुओं से हुआ भगवान गणेश का सहस्त्रार्चन

■ गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रही श्रीगणेश पुराण प्रवचन श्रृंखला का समापन



**आगरा (एनएनआई)।** गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रही श्रीगणेश पुराण प्रवचन श्रंखला का आज भव्य समापन हुआ। श्रीगोपाल जी धाम, दयालबाग में भक्तों द्वारा भगवान श्री गणेश का विविध उपादानों से अर्चन किया गया। कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय के द्वारा इस कार्यक्रम की पूर्णता कराई गई। भगवान गणेश का अर्चन करने के लिए उत्साही भक्त समय से पूर्व ही एकत्र हो गए थे। प्रातः से ही भगवान गणेश के जयकारों तथा नाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर कान्ता शर्मा के द्वारा 1000 लड्डू भगवान गणेश के लिए नाम मंत्र से अर्पित किये गये। डॉ के के गौतम, बबिता शर्मा, डॉ राजीव शर्मा, सरिता गौतम, आर. के. मेहता, देवेन्द्र गोयल, सारिका कालरा, गुंजन गौतम आदि के द्वारा विभिन्न मेवों से अर्चन किया गया। इस अवसर पर वीना कालरा, नीलम गुप्ता, साहिब आदि उपस्थित रहे।

## कार्य के शुभारंभ में अगर युगल मुनिराज के दर्शन हो जायें, तो सफलता निश्चित



**आगरा (एनएनआई)।** छीपीटोला में विराजित पूज्य मुनि समत्व सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज छीपीटोला पार्श्नाथ दिगम्बर जैन मन्दिर द्वारा पहुंचे। आचार्य सौभाग्यसागर महाराज व आचार्य सुरत्नसागर सागर महाराज की भव्य अगवानी की गई। निर्मल सेवा सदन, छीपीटोला में आयोजित संयुक्त धर्म सभा में मुनीश्री समत्व सागर ने कहा कि आज मूल व्रक्ष (आचार्य आदिसागर अंकलीकर) के नीचे हम छोटी छोटी टहनियों को जो आन्नद मिला है वह अद्भुत है' उन्होने आगे कहा कि कहते हैं कि कार्यक्रम के शुभारंभ मे अगर युगल मुनिराज के दर्शन हो जायें, तो सफलता निश्चित है, उन्हैं तो आज चातुर्मास के शुभारंभ पर ही एक साथ दो दो आचार्यो के दर्शन का सौभाग्य मिला, जो कि अपने आप मे एक शानदार संकेत है। आचार्य सुरत्नसागर महाराज ने तीर्थो की रक्षा का आव्हान करते हुए सभी को आगामी 22 अक्टूबर को मथुरा चौरासी में भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी की स्थापना के 125 वर्ष प्रारम्भ होने पर आयोजित विशाल समारोह में आने का आव्हान किया हैं । इस अवसर पर आगरा दिगम्बर जैन परिषद द्वारा दोनों संघों को श्रीफल अर्पण करते हुए आगामी 20 जुलाई को तीर्थकर भगवान नेमीनाथजी का भव्य निर्वाण लाडू महोत्सव श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नसिया पर पहुंचने का अनुरोध किया । इस मौके पर श्रुत मंथन वषायोंग समिति के मनोज जैन, मुरारी लाल जैन, अनिल जैन, जगदीश प्रसाद, मनोज जैन बाकलीवाल, मनीष जैन ठेकेदार, राकेश जैन, रमेश जैन, मुकेश जैन, सतेंद्र जैन, राजीव जैन, आशीष जैन आशु जैन, चक्रेश जैन, रोहित जैन, अनिकेत जैन, आदिश जैन गौरव जैन, सचिन जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन और सकल जैन मौजूद रहे।

# परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी: डीएम

## पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को हैंडओवर करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित एक करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों, प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित ऐसे निर्माण कार्यों जिनमें एस्टीमेट रिवाइज हुआ है तय समय सीमा से विलंबित हैं, निर्माण पूर्ण होने पर भी हैंड ओवर नहीं किये गए हैं, जिनमें भूमि विवाद या भूमि अनुपलब्धता है, या अन्य किसी कारण से प्रगति नहीं हो पा रही है तथा जिनसे जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है के कार्यों संबंधित सभी कार्यदाई संस्थाओं के साथ सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अंतर्गत शहर आगरा की कालिंदी विहार योजना के सेक्टर-ए, बी, सी, ई एवं एच में आरसीसी नाली, आंतरिक सड़क एवं पार्क के सौंदर्यीकरण संबंधी परियोजना की समीक्षा की गई। कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य प्रगति पर है, वर्तमान में भौतिक प्रगति शून्य प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जवाब तलब किया तथा प्रगति शून्य होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

बैठक में पर्यटन विभाग के अंतर्गत जोधाबाई पैलेस, फतेहपुर सीकरी में साउंड एंड लाइट शो (3-डी प्रोजेक्शन मैपिंग) परियोजना की समीक्षा की जिसमें बताया गया कि महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग न्यू दिल्ली से स्क्रिप्ट का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करा



दिया जायेगा, जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा एसएन मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी आवास निर्माण में कार्य में विलंब पर हाउस कमिश्नर को पत्र व्यवहार कर कार्यदाई संस्था तथा ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्माण एजेंसी आवास विकास परिषद द्वारा डायट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जाने हेतु निर्माण कार्य रुकने पर जवाब तलब किया तथा कार्य को जल्द पूर्ण करने, राशि का उपभोग प्रमाणपत्र देकर धनराशि की मांग करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने साथ ही जिन कार्यदायी संस्थाओं के कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण होने की स्थिति में नहीं हैं, उन कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को कार्य पूर्ण होने की अवधि बढ़वाने हेतु शासन/सम्बन्धित उच्च अधिकरियों को पत्र प्रेषित करते हुए तथा व्यक्तिगत प्रयास करते हुए कार्य पूर्ण करने की तिथि संशोधित कराने के निर्देश दिए गये। बैठक में यह भी निर्देश दिए गये कि जिन कार्यदायी संस्थाओं ने कार्य पूर्ण कर लिए हैं, उनका थर्ड पार्टी निरीक्षण कराकर उक्त परियोजना को विभागीय अधिकारियों को हस्तगत कराने की कार्यवाही यथा शीघ्र सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीडीओ प्रतिभा सिंह, डीएफओ राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति अजय नारायण सिंह, जिला जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा, बीएसए राकेश कुमार सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राघवेंद्र वर्मा, जीके वार्ष्णेय, सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं व विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## दस्तक अभियान में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया पर हो रहा वार



**आगरा** एनएनआई। जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 'दस्तक अभियान' 11 जुलाई से शुरू हो चुका है और 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर आमजन को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सहायक मलेरिया अधिकारी नीरज कुमार, ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नगला पदी क्षेत्र में अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया और फीडबैक भी लिया।

मलेरिया इंस्पेक्टर कुशाग्र सिंह और फील्ड वर्कर अमित कुमार ने नगला पदी निवासी 37 वर्षीय सचिन श्रीवास्तव से 'दस्तक अभियान' के दौरान आशा कार्यकर्ता राखी सत्संगी और उर्मिला द्वारा पूछे गए सवालों के संबंध में चर्चा की और फीडबैक प्राप्त किया।

## ओआरएस व जिंक की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं : डॉ. मंजू सचान

**आगरा** एनएनआई। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को अपर निदेशक कार्यालय के सभागार में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पी. एस. आई. इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर निदेशक चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. मंजू सचान ने की। बैठक में आगरा के साथ ही मंडल के मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया रोग प्रबन्धन के लिए इस समय चल रहे स्टॉप डायरिया कैम्पेन (दस्त रोको अभियान) के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। अपर निदेशक ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है, जबकि दस्त की रोकथाम और उपचार पूरी तरह संभव है। इसलिए डायरिया से डरने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है।

## सेनेट्री सुपरवाइजर संघ में राष्ट्रीय सफाई कामगार संगठन का हुआ विलय

**आगरा** एनएनआई। सेनेट्री सुपरवाइजर संघ की कार्यकारणी का गठन हुआ जिसकी अध्यक्षता चौधरी संतोष डागोर और सुनील पारस ने संयुक्त रूप से की और संगठन के सभी पदाधिकारियों व साथियों ने सर्व प्रथम भगवान वाल्मीकि को एक पुष्प माला पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया और संगठन को और शक्तिशाली बनाने के लिए राष्ट्रीय सफाई कामगार संगठन के मंडल अध्यक्ष सोनू चौहान के नेतृत्व में राष्ट्रीय सफाई कामगार संगठन ने सेनेटरी सुपरवाइजर संघ में विलय किया। दोनों संगठनों ने मिलकर नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार को खत्म कर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने का संकल्प लिया बैठक में सेनेटरी सुपरवाइजर संघ के तीनों प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का चयन हुआ। स्थाई प्रकोष्ठ में दीपक झांगारे और संजय पाथरे को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया और कमल सिंह जी को महामंत्री नियुक्त किया गया। संविदा प्रकोष्ठ में राजेश साहू को संरक्षक अमित सत्यार्थी को उपाध्यक्ष राजेश चौहान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। आउटसोर्सिंग प्रकोष्ठ में अरुण नरवार और विशाल



पवार को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर रंजीत नरवार, चौधरी संतोष डागोर,सुनील पारस,राजकुमार विद्यार्थी, सोनू चौहान, दीपक झगारे,सेठ कमल सिंह, मनोज गहचंद,संजय लहरी, अमित सत्यार्थी अरुण नरवार, दिलीप खरे, पिंटू लाल, दिलीप चौहान,बंटू भारती ,संजय शाह,मनीष चौहान, हृदेश चौहान,सुरेश चौहान,दीपक चंचल, अर्जुन पाथरे,सुरजीत चौहान, पिंटू साहू,राजकुमार चौहान,विशाल देव पवार, अन्य उपस्थित रहे।

# योगी सरकार के रोजगार मिशन को मिली रफ्तार, आगरा में 467 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

## करीब 1500 युवाओं ने कराया पंजीकरण, 15 हजार से 37 हजार रुपये प्रतिमाह तक की मिलीं नौकरियां

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के रोजगार मिशन को गति देते हुए युवाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ताजनगरी आगरा में 'रोजगार मेला 2026' का भव्य आयोजन किया गया। सिकंदरा स्थित डॉ. एमपीएस कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आगरा द्वारा आयोजित इस मेले में रोजगार की तलाश में सैंकड़ों छात्र- छात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि आगरा उत्तर के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, कॉलेज चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह और सहायक निदेशक चंद्रचूड़ दुबे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

रोजगार मेले में युवाओं का भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह 10 बजे से ही कॉलेज परिसर के बाहर लंबी कतारें लग गई थीं। विभागीय पोर्टल पर पहले से पंजीकृत युवाओं को सीधे साक्षात्कार के लिए भेजा गया, जबकि अन्य के लिए मौके पर ही निशुल्क हेल्प डेस्क बनाई गई। रोजगार मेले में एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक, एलआईसी, टेलीपरफॉर्मेंस, और कार्टयार्ड मैरिएट जैसी 30 से अधिक



प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और पूर्ण रूप से निःशुल्क रखा गया था। मेले में लगभग 1500 युवाओं ने मेले में प्रतिभाग किया। देर शाम तक चली चयन प्रक्रिया के बाद 467 चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से लेकर 37 हजार रुपये तक की नौकरियों के ऑफर लेटर सौंपे गए, जिससे उनके चेहरे खिल उठे।

युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि आज का भारत युवाओं का भारत है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के रोजगार मिशन के तहत ऐसे मेलों का आयोजन कॉरपोरेट जगत और रोजगार की तलाश कर रहे योग्य युवाओं के बीच की दूरी को मिटा रहा है। आगरा के युवाओं में अद्भुत क्षमता है और उन्हें सही मंच प्रदान करने में डॉ. एमपीएस कॉलेज व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का यह संयुक्त प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

विशिष्ट अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाने के साथ- साथ उनके हाथों को काम देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस तरह के मेलों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिल रहे हैं। इतने बड़े स्तर पर बेहतरीन व्यवस्थाएं करने के लिए कॉलेज प्रबंधन बधाई का पात्र है। मेले में एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने विभिन्न पदों के लिए युवाओं के साक्षात्कार लिए। इसके अलावा टेलीपरफॉर्मेंस, टीमलीज डिजिटल, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट, एलआईसी, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस, ठाकुर पब्लिशर्स, कोर्टयार्ड मैरियट, क्लार्क्स शिराज, एसीपीएल एक्सपोर्ट्स और अरविंद मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया।

# एलपीजी की ब्लैक मार्केटिंग

## पुलिस ने गोदाम इंचार्ज समेत चार को किया गिरफ्तार, पूछताछ

एनएनआई

**फतेहाबाद।** कस्बे स्थित इंडेन गैस एजेंसी में गैस सिलेंडरों की कथित ब्लैक मार्केटिंग का मामला सामने आया। एजेंसी के चौकीदार की सतर्कता और एजेंसी संचालक की त्वरित कार्रवाई से 70 घरेलू गैस सिलेंडरों से लदी मैक्स गाड़ी एजेंसी परिसर से बाहर नहीं निकल सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोदाम इंचार्ज समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

एजेंसी संचालक के अनुसार गोदाम इंचार्ज रामवीर निवासी सलेमपुर नरहौली, मथुरा ने 70 घरेलू गैस सिलेंडर एक मैक्स वाहन में लोड कर कथित रूप से 1,580 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से ब्लैक



में देने की तैयारी कर ली थी। इसी दौरान एजेंसी के चौकीदार को गतिविधि संदिग्ध लगी और उसने तत्काल इसकी सूचना संचालक को दी। सूचना मिलते ही संचालक ने एजेंसी का मुख्य गेट बंद कराने के निर्देश दिए, जिससे सिलेंडरों से भरी गाड़ी बाहर नहीं जा सकी।

घटना की जानकारी मिलते ही फील्ड अधिकारी विनीत सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर अमरनाथ मौर्य तथा पुलिस मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान हेल्पर रोहित यादव मौके से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

एजेंसी संचालक ने आरोप लगाया कि गोदाम इंचार्ज रामवीर और उसका भाई राजू, जो एजेंसी में कार्यरत है, उपभोक्ताओं के डिलीवरी ओटीपी का दुरुपयोग कर लंबे समय से अनियमितताओं में लिप्त थे। उन्होंने बताया कि लगभग दो माह पहले एजेंसी में 500 खाली सिलेंडर कम पाए गए थे। उस समय काफी प्रयासों के बाद कमी पूरी कराई गई थी। इसके बाद कर्मचारियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही थी। मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने रामवीर, उसके भाई राजू, चंदन बाजपेई और रोहित यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लिफ्ट देने के बहाने लूटने वाला आरोपी पुलिस ने पकड़ा

**खेरागढ़ एनएनआई।** लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों की जेब काटने वाले शातिर गिरोह का खेरागढ़ पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, सर्जिकल ब्लेड, नकदी, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। अनजान लोगों से लिफ्ट लेने या उनकी बातों में आने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।




## पुलिस ने सरकारी चावल से लदी मैक्स पकड़ी, चालक फरार



**खेरागढ़ एनएनआई।** पुलिस ने आज सुबह सरकारी चावल से लदी हुई मैक्स पकड़ी पुलिस को देखकर चालक मौके से फरार हो गया। मैक्स बिना नंबर प्लेट की थी। मैक्स में सरकारी चावल लदा हुआ है। खेरागढ़ पुलिस की कार्यवाही से मैक्स को कब्जे में ले लिया गया है और आगे की कार्रवाई कर खाद्य एवं रसद विभाग खेरागढ़ को सौंप दिया गया है। खाद एवं रसद विभाग के अधिकारी आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मैक्स किसकी है और माल किसका है।

## 16 जुलाई को होगा गौशाला का भूमि पूजन

**पिनाहट एनएनआइ।** गौरी गौशाला ट्रस्ट द्वारा 16 जुलाई को ग्राम सीयपुरा, पिनाहट में प्रस्तावित गौशाला के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि यह आयोजन पूर्णतः धार्मिक एवं सेवा भाव से किया जा रहा है तथा इसका किसी भी राजनीतिक दल या संगठन से कोई संबंध नहीं है। कार्यक्रम का उद्देश्य गौसेवा को बढ़ावा देना और सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक एवं संगठित करना है। गौरी गौशाला ट्रस्ट ने समस्त गौसेवकों, सनातन धर्म प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे समय का विशेष ध्यान रखते हुए अपने परिवार एवं मित्रों के साथ अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इस पुण्य कार्य के सहभागी बनें। ट्रस्ट का कहना है कि सभी के सहयोग और सहभागिता से गौशाला निर्माण का यह संकल्प साकार होगा।



## चलती कार पर टूट कर गिरा पेड़, दंपत्ति घायल, कार हुई क्षतिग्रस्त

एनएनआई

**बाह।** आगरा इटावा स्टेट हाइवे पर बाह के बड़ागांव के पास मंगलवार की दोपहर 12 बजे के करीब चलती कार पर इमली का पेड़ टूट कर गिरा, जिससे कार के परखच्चे उड़ गये, कार में पेड़ की एक डाली घुस गई। कार में फंसा दंपत्ति घायल हो गया। तेज धमाके के साथ गिरे पेड़ के चलते स्टेट हाइवे पर जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार की दोपहर जैतपुर की ओर से आ रही कार के ऊपर पुराना इमली का पेड़ टूट कर गिरा। धमाके की आवाज पर आस पास के लोग पहुंचे तो कार में पेड़ की पिन्डी घुसी हुई थी। हादसे की तस्वीर देखने वालों तक की रूह कांप गई। आनन फानन में फंसी हुई डाली को निकाल कर कार में फंसे दंपति बाह के सौरभ जैन और उनकी पत्नी मोनिका को बाहर निकाला। दोनों को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल दंपति ने बताया कि दोनों पूठा के हनुमान मंदिर से पूजा करके अपनी कार से घर लौट रहे थे। तभी बड़ागांव के पास पेड़ टूट कर गिरने से हादसे का शिकार हो गये। हादसे में पेड़ टूट कर सड़क पर गिरने से हाइवे पर जाम लग गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना क्षेत्र में रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत के बाद परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए फतेहाबाद-शमसाबाद मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक चले जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद परिजनों ने जाम समाप्त कर दिया।

बिलईपुरा निवासी महीपाल पुत्र मिजन सिंह (40) मंगलवार रात करीब आठ बजे धिमिश्री से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बास बले के पास उनकी बाइक की एक ट्रैक्टर से टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। उन्होंने आरोपी चालक के विरुद्ध कड़ी



कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

महीपाल अपने पीछे पत्नी काशन देवी तथा तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। पति की मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल में काशन देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के विरोध में आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को फतेहाबाद-शमसाबाद मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त कर यातायात बहाल कराया गया।

## आवास विकास परिषद ने मथुरा में अस्पताल का बेसमेंट व तीन कोचिंग सेंटर सील

एनएनआई

**मथुरा।** आवास आयुक्त, मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, आगरा वृत्त के अधीक्षण अभियंता पंकज कुमार के निर्देशन में परिषद की मथुरा स्थित राधिका विहार एवं कृष्ण विहार योजना संख्या-2 में अवैध रूप से संचालित एक अस्पताल के बेसमेंट तथा तीन कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई निर्माण खंड-2 के अधिशासी अभियंता सूरजपाल सिंह एवं नामित मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार संजीव चौहान के नेतृत्व में की गई। प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी.एम. खान ने बताया कि आवास विकास परिषद द्वारा अपनी योजनाओं में स्थित परिसरों की सूची तैयार की गई है, जिनमें मानकों के विपरीत कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, रेस्टोरेंट, होटल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का संचालन सक्षम प्राधिकारी की अनुमति तथा निर्धारित अग्निशमन सुरक्षा मानकों के अनुपालन के बिना किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उक्त



अनियमितताओं के दृष्टिगत परिषद द्वारा चलाए गए अभियान के तहत परिषदीय प्रवर्तन दल द्वारा एक अस्पताल और तीन लाइब्रेरी को सील किया गया। संबंधित संपत्ति स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि वे परिषद के नियमों के अनुरूप आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता सूरजपाल सिंह ने कहा कि परिषद की योजनाओं में चल रहे अवैध निर्माणों तथा मानकों के विपरीत संचालित गतिविधियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान प्रवर्तन दल के साथ सहायक अभियंता कृपांशु द्विवेदी, अवर अभियंता नवीन कुमार, फायर सेफ्टी ऑफिसर इंस्पेक्टर नरेश कुमार सिंह, स्थानीय पुलिस बल सहित परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रवर्तन कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## संपादकीय

# विवादों में नागरिकता

दुनियाभर में नागरिकता का मामला पिछले कुछ समय से विवादित होता जा रहा है। अमेरिका से लेकर यूरोप तक के देश अवैध प्रवासियों के संकट से जूझ रहे हैं और इससे निपटने के उपाय कर रहे हैं।इसके बावजूद किसी भी देश ने अपने नागरिकों की नागरिकता को निरंतर विवाद का विषय नहीं बनाया। दुर्भाग्य से भारत में लगातार कई चीजों को विवाद का विषय बनाया जा रहा है। भारत में नागरिकता को स्थायी रूप से विवाद का विषय बना दिया गया है। जैसे नोटबंदी के बाद भारत की मुद्रा हर देश में संशय का विषय बन गई उसी तरह नागरिकता का मुद्दा पूरी दुनिया के लिए संशय का मुद्दा बना है। जिस दिन भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि पासपोर्ट नागरिकता प्रमाणित करने वाला दस्तावेज नहीं है। वह निर्णायक दिन था।इससे पहले दूसरे किसी भी दस्तावेज के मुकाबले पासपोर्ट को नागरिकता का ज्यादा वैध दस्तावेज माना जाता था। उस पर साफ साफ पासपोर्टधारक की नागरिकता भारतीय लिखी होती है। पासपोर्ट बनाने से पहले जितनी तरह की छानबीन होती है वह दूसरे किसी दस्तावेज के लिए नहीं होती है। जन्मस्थान से लेकर रहने के स्थान तक पुलिस छानबीन करती है और उसके बाद पासपोर्ट जारी करती है। इसलिए पासपोर्ट को नागरिकता प्रमाणित करने वाला दस्तावेज नहीं मानने के विदेश मंत्रालय के बयान पर सबको हैरानी हुई।विदेश मंत्रालय के इस बयान की टाइमिंग भी बहुत अहम है। ध्यान रहे इस समय देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का काम चल रहा है और उसमें नागरिकता का मुद्दा बार बार उठ रहा है। इस क्रम में यह कई बार कहा गया कि आधार या पैन कार्ड या वोटर आईडी किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने वाले दस्तावेज नहीं हैं।चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। उसे संदिग्ध नागरिक का मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजना होता है ताकि उसकी नागरिकता तय हो। लेकिन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा नागरिकता की रही। इस पूरे मामले में टाइमिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि केंद्र सरकार घुसपैठ रोकने के नाम पर नए नए अभियान की रूप रेखा तैयार कर रही है। यानी एक तरफ एसआईआर तो दूसरी ओर घुसपैठ रोकने के नाम पर केंद्र का अभियान और इसके बीच विदेश मंत्रालय का यह कहना ही पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है।अब सवाल है कि यह कैसे होगा? अगर सरकारी दस्तावेजों के जरिए नहीं होगा तो कैसे पूर्वजों के साथ संबंध स्थापित होगा?यह बहुत हैरान करने वाला मामला है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों के अलावा कैसे अपने पूर्वजों के साथ अपने संबंध स्थापित करेगा? यह ध्यान रखने की बात है कि विदेशी अधिनियम, 1948 के तहत नागरिकता साबित करने का पूरा भार उसी व्यक्ति के ऊपर होता है, जिस पर विदेशी होने का संदेह होता है या किसी प्राधिकरण की ओर से जिसकी नागरिकता पर संदेह जताया जाता है। सोचें, अगर किसी सरकारी प्राधिकरण की ओर से किसी व्यक्ति की नागरिकता पर संदेह जता दिया जाए और उसे सबूत जुटाने को कहा जाए तो वह कहां से, क्या सबूत जुटाएगा, जिससे अपनी नागरिकता प्रमाणित करेगा? यह सबसे चिंताजनक बात है। पश्चिम बंगाल में या असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान की जा रही है, जिनके मुस्लिम होने की ज्यादा संभावना है। लेकिन अगर किसी हिंदू की नागरिकता पर संदेह पैदा हो तो वह भी अपने को कैसे नागरिक साबित करेगा? अगर प्राधिकरण की ओर से उसके प्रति लचीलापन दिखाया जाए तो अलग बात है लेकिन अगर प्राधिकरण ने लचीलापन नहीं दिखाया तो क्या होगा? यह तो देश के नागरिकों को पूरी तरह से नौकरशाही या देश के प्राधिकरण की मर्जी के अधीन कर देने जैसा है! इससे अधिकारियों को नागरिकों से उनकी नागरिकता प्रमाणित करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज मांगने का अधिकार मिल जाएगा।अतिरिक्त दस्तावेज से भी अगर वह संतुष्ट नहीं होता है तो क्या होगा? ध्यान रहे संविधान प्रदत्त जितने भी अधिकार हैं उनमें से लगभग सभी अधिकार नागरिकों को मिलते हैं। अगर किसी की नागरिकता संदिग्ध हो जाए, ऑथोरिटी की तरफ से उस पर प्रश्नचिन्ह लग जाए तो उसे नागरिक अधिकारों से वंचित किया जा सकेगा। किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक देश में इसे आदर्श स्थिति नहीं मान सकते हैं। दुनिया में भी इससे भारतीय नागरिकों के प्रति संशय बढ़ेगा। विदेश में रहने और काम करने वाले भारतीयों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो अब भी भारतीय नागरिक हैं। उन लोगों के साथ दुनिया के देश कैसा व्यवहार करेंगे, यह इस पर भी निर्भर करेगा कि भारत स्वंय अपने नागरिकों के साथ कैसा बरताव करता है।







# यात्रियों को भा रहा नोएडा एयरपोर्ट

## पहले महीने ही 15 शहरों से जुड़ा

**जून में 15 दिनों के भीतर 27,841 यात्रियों ने नोएडा एयरपोर्ट का उपयोग किया, जबकि चालू महीने में 13 जुलाई तक ही 33,446 यात्री सेवाएं ले चुके हैं। एक जुलाई से उड़ानों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों की संख्या में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ है।**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहले ही महीने में यात्रियों और एयरलाइंस की पसंद बनकर उभरा है। एक महीने के भीतर एयरपोर्ट से उड़ानों की संख्या 2.6 गुना बढ़ गई है, जबकि विभिन्न शहरों से कनेक्टिविटी तीन गुना हो चुकी है। बढ़ती यात्री संख्या और नए शहरों के जुड़ने से एयरपोर्ट ने संचालन के शुरूआती दौर में ही मजबूत शुरूआत दर्ज की है।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) के आंकड़ों के अनुसार, संचालन के पहले सप्ताह में एयरपोर्ट से 86 उड़ानों का आगमन और प्रस्थान हुआ। शुरूआती दो सप्ताह तक इंडिगो और अकासा एयर ने पांच शहरों के लिए सेवाएं शुरू कीं। दूसरे सप्ताह में उड़ानों की संख्या बढ़कर 88 हो गई। तीसरे सप्ताह में नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ और कनेक्टिविटी 15 शहरों तक पहुंच गई। इसी दौरान उड़ानों की संख्या बढ़कर 201 हो गई। चौथे सप्ताह में यह आंकड़ा 224 तक पहुंच गया। 15 जून से 13 जुलाई के बीच एयरपोर्ट पर कुल 599 उड़ानों का संचालन दर्ज किया गया।

यात्रियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हुई है। जून में 15 दिनों के भीतर 27,841 यात्रियों ने एयरपोर्ट का उपयोग किया, जबकि चालू महीने में 13 जुलाई तक ही 33,446 यात्री सेवाएं ले चुके हैं।



एक जुलाई से उड़ानों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों की संख्या में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ है।

एक महीने के दौरान 18,242 यात्रियों ने नोएडा एयरपोर्ट से अपनी यात्रा शुरू की, जबकि 18,089 यात्री यहां पहुंचे। इसके अलावा 11,732 यात्रियों ने आगे की यात्रा के लिए यहां फ्लाइट बदली, जबकि 13,042 यात्रियों ने ट्रांजिट के रूप में कुछ समय एयरपोर्ट पर रुकने के बाद उसी विमान से आगे की यात्रा की। इससे स्पष्ट है कि एयरपोर्ट केवल स्थानीय यात्रियों ही नहीं, बल्कि ट्रांसफर और ट्रांजिट यात्रियों के लिए भी तेजी से महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है।

**बेहतर हो रही यात्रियों की संख्या**

दैनिक यात्री संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। 15 जून को एयरपोर्ट से 1,427 यात्रियों ने यात्रा की थी। जून के अंतिम सप्ताह तक यह संख्या करीब 1,900 तक पहुंच गई। जुलाई की शुरूआत से यात्री संख्या में तेज उछाल आया और 10 जुलाई को सर्वाधिक 3,255 यात्रियों ने एयरपोर्ट का उपयोग किया। इसके बाद भी प्रतिदिन तीन हजार के आसपास यात्रियों की आवाजाही बनी रही।

यीडा के एसीईओ एवं नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र कुमार भाटिया एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक लगातार बढ़ने से उत्साहित हैं। भाटिया कहते हैं, आने वाले समय में यात्रियों के लिए सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। एयरलाइंस नए शहरों को जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं। जहां भी व्यावसायिक संभावना बन रही है, वहां से उड़ानें शुरू की जा रही हैं और अधिकांश प्रमुख शहरों को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ दिया गया है।

**लगातार मजबूत हो रही कनेक्टिविटी**

नोएडा एयरपोर्ट पर एक महीने के अंदर यात्री करीब दो गुना बढ़ चुके हैं। रोजाना करीब 32 फ्लाइट एयरपोर्ट से टेकऑफ और लैंड कर रही हैं। यहां नए शहरों से जुड़ाव के साथ यात्री अनुभव बेहतर बनाने पर भी काम हुआ है। एयरपोर्ट तक आने और यहां से गंतव्य तक जाने की कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है। आने वाले दिनों में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज शुरू होने से दूसरे शहरों से पहुंच और आसान होगी। यमुना सिटी तेजी से विकसित हो रही है और यह ऐसा औद्योगिक शहर बन रहा है, जहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुविधा लोगों के दरवाजे तक उपलब्ध है।

# मुंबई में अभिनेत्रियों ने निजी मर्यादा के सम्मान पर जताई नाराजगी

## मौनी रॉय और जरीन खान की अलग-अलग घटनाओं ने सार्वजनिक व्यवहार को लेकर छेड़ी चर्चा

मुंबई में हाल के दिनों में दो अलग-अलग कार्यक्रमों के दौरान अभिनेत्रियों मौनी रॉय और जरीन खान ने छायाकारों की कुछ टिप्पणियों एवं व्यवहार पर आपत्ति जताई। दोनों घटनाओं के दृश्य सामाजिक माध्यमों पर व्यापक रूप से साझा किए जा रहे हैं और निजी मर्यादा तथा सम्मानजनक व्यवहार को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं।



### कार के भीतर चित्रांकन जारी रहने पर नाराज हुई मौनी रॉय

अभिनेत्री मौनी रॉय हाल ही में एक कार्यक्रम से निकलने के बाद अपनी सहयोगी और मित्र अनुषा दांडेकर के साथ वाहन की ओर बढ़ीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में बैठने के बाद भी कुछ छायाकार लगातार उनका चित्रांकन करते रहे। इस दौरान मौनी रॉय ने असंतोष व्यक्त करते हुए चित्रांकन बंद करने का आग्रह किया। घटना के दौरान वह स्पष्ट रूप से असहज दिखाई दीं। स्थिति को संभालने के लिए अनुषा दांडेकर ने भी हस्तक्षेप किया और छायाकारों से चित्रांकन रोकने का अनुरोध किया। इसके बाद वाहन वहां से रवाना हो गया और मामला शांत हो गया। घटना के बाद यह विषय सामाजिक माध्यमों पर चर्चा में रहा। अनेक लोगों ने सार्वजनिक व्यक्तियों की निजता का सम्मान किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### टिप्पणी पर जरीन खान ने जताई कड़ी आपत्ति

एक अन्य कार्यक्रम में अभिनेत्री जरीन खान ने भी एक छायाकार की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की। वह एक परिधान संग्रह के लोकार्पण समारोह में शामिल हुई थीं, जहां वह विभिन्न परिधानों के साथ चित्र खिंचवा रही थीं। इसी दौरान एक छायाकार ने उनसे सार्वजनिक रूप से परिधान पहनकर दिखाने संबंधी टिप्पणी कर दी। इस पर जरीन खान ने तत्काल आपत्ति जताई और स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की बातें स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को मयार्दा में रहने की सलाह देते हुए अनुचित टिप्पणियों से बचने का संदेश दिया। घटना का दृश्य सामने आने के बाद अनेक लोगों ने अभिनेत्री के रुख का समर्थन किया। सामाजिक माध्यमों पर व्यक्त प्रतिक्रियाओं में अधिकांश लोगों ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मानजनक संवाद और व्यक्तिगत सीमाओं का पालन आवश्यक है।



### सम्मानजनक व्यवहार पर बढ़ी चर्चा

दोनों घटनाओं ने एक बार फिर यह प्रश्न सामने रखा है कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों के साथ संवाद करते समय शिष्टाचार और मयार्दा का पालन कितना महत्वपूर्ण है। सामाजिक माध्यमों पर बड़ी संख्या में लोगों ने माना कि लोकप्रिय हस्तियों के प्रति उत्सुकता स्वाभाविक है, लेकिन उनकी निजता और व्यक्तिगत गरिमा का सम्मान भी उतना ही आवश्यक है।

एजबेस्टन में भारत का दमदार आगाज

# इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में बनाई बढ़त




- शुभमन गिल की कप्तानी पारी और अक्षर पटेल के ऑलराउंड प्रदर्शन से मिली जीत
- 11 साल बाद एजबेस्टन में वनडे हारा इंग्लैंड, भारत ने सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

बर्मिंघम। कप्तान शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी और अक्षर पटेल के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले वनडे मुकाबले में इंग्लैंड को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। एजबेस्टन मैदान पर इंग्लैंड की यह 11 साल बाद वनडे में पहली हार है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तेज शुरूआत की। बेन डकेट और फिल सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। हालांकि इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए मेजबान टीम को 107 रन पर छह विकेट के संकट में पहुंचा दिया।

मुश्किल समय में जो रूट और लियाम डॉसन ने पारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रूट ने 76 और डॉसन ने 68 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की पूरी टीम 47.5 ओवर में 258 रन पर सिमट गई।

भारत की ओर से अक्षर पटेल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट झटके। प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए एक विकेट हासिल किया। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। रोहित शर्मा 11 और विराट कोहली पांच रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल ने पारी को संभालते हुए श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 101 रन की अहम साझेदारी की। गिल शानदार लय में नजर आए और 75 गेंदों में 80 रन बनाकर शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन हैमस्ट्रिंग में परेशानी के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। श्रेयस अय्यर ने 35 रन का योगदान दिया, जबकि केएल राहुल भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। एक समय 160 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद भारत पर दबाव बढ़ता दिखा, लेकिन अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 102 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

स्पेन ने फ्रांस को हराकर रचा इतिहास

## 16 साल बाद विश्व कप फाइनल में पहुंची टीम

- सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से दी शिकस्त, एम्बाप्पे रहे पूरी तरह बेअसर
- ओयारजाबाल और पेड्रो पोरो के गोल से स्पेन की लगातार 37वें मैच में अजेय दौड़ जारी

**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में स्पेन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रांस को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही स्पेन ने 16 साल बाद विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। पूरे मुकाबले में स्पेन ने फ्रांस पर दबाव बनाए रखा और मजबूत रक्षापंक्ति के दम पर स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे को कोई प्रभाव छोड़ने का मौका नहीं दिया। मैच की शुरूआत से ही स्पेन ने आक्रामक रुख अपनाया। युवा खिलाड़ी लामिन यमाल ने बाएं छोर से लगातार फ्रांसीसी रक्षा पंक्ति को परेशान किया। उनके दबाव का असर 22वें मिनट में देखने को मिला, जब पेनाल्टी बॉक्स में हुए फाउल के बाद स्पेन को पेनाल्टी मिली। मिकेल ओयारजाबाल ने मौके का फायदा उठाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में बढ़त हासिल करने के बाद भी स्पेन ने अपनी पकड़ ढीली नहीं होने दी। दूसरे हाफ में फ्रांस ने गेंद पर नियंत्रण बनाने की कोशिश की, लेकिन उसके खिलाड़ी गोल के अवसर तैयार करने में नाकाम रहे। स्पेन के मिडफील्डरों ने खेल की रफ्तार पर नियंत्रण बनाए रखा और 58वें मिनट में पेड्रो पोरो



ने शानदार गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद फ्रांस ने वापसी की कोशिश की, लेकिन स्पेन की सुदृढ़ रक्षापंक्ति के सामने उसकी एक न चली।

## बुधवार, 15 जुलाई राशिफल

मेष: आज करियर और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के अच्छे योग हैं। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

वृष: आज आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा और घर का माहौल सुखद रहेगा। नौकरी और कारोबार में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात लाभदायक हो सकती है।

मिथुन: आज धन और खरीदारी के लिए दिन काफी शुभ माना जा रहा है। करियर में नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और छोटी यात्रा के योग भी बन सकते हैं। निवेश करने से पहले पूरी जानकारी जरूर लें।

कर्क: आज परिवार और घर से जुड़े मामलों में खुशियां मिलेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। किसी प्रियजन से अच्छी खबर मिलने की संभावना है। मानसिक शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और पर्याप्त आराम करें।

सिंह: आज मनोरंजन और अनावश्यक खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखना बेहतर रहेगा। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं और आपकी मेहनत रंग लाएगी। परिवार के साथ समय बिताने से रिश्ते मजबूत होंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभदायक साबित होगी।

कन्या: आज रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, फिर भी दिनचर्या का ध्यान रखें।

तुला: आज भाग्य आपका साथ देगा और महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। नौकरी और व्यापार में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है। जीवनसाथी और परिवार के साथ संबंध मधुर रहेंगे। बड़े फैसले सोच-समझकर लें।

वृश्चिक: आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में उन्नति के संकेत हैं। सेहत अच्छी रहेगी और ऊर्जा बनी रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा तथा आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी नए अवसर से भविष्य में लाभ मिल सकता है।

धनु: आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है। वरिष्ठों का मार्गदर्शन मिलेगा और करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। सकारात्मक सोच बनाए रखें।

मकर: आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा और सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें। परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा। नई योजनाओं पर सोच-समझकर आगे बढ़ें।

कुंभ: आज नए संपर्क और मित्र भविष्य में लाभ दिला सकते हैं। करियर में रचनात्मक सोच से सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। किसी भी निर्णय में अधूरी जानकारी पर भरोसा न करें।

मीन: आज आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और अनावश्यक खर्च से बचें। परिवार का साथ मिलेगा और घर का माहौल सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। भविष्य की योजनाओं पर ध्यान दें और आत्मविश्वास बनाए रखें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान देता है स्पर्श चैरिटी क्लब : मधु बघेल

- गौशाला में घायल एवं दुर्घटनाग्रस्त गायों की सेवा और उपचार के लिए 51 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा

एनएनआई



**आगरा।** स्पर्श चैरिटी क्लब का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधु बघेल ने बताया कि इस वर्ष समारोह की थीम इंद्रधनुष के सतरंगी रंग रखी गई, जिसके अनुरूप सभी सदस्याएँ इंद्रधनुष के विभिन्न रंगों के परिधानों में शामिल हुईं। क्लब अध्यक्ष मधु बघेल ने कहा कि क्लब निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय है। उन्होंने फतेहाबाद स्थित गौशाला में घायल एवं दुर्घटनाग्रस्त गायों की सेवा और उपचार के लिए 51 हजार की आर्थिक सहायता देने तथा आवश्यक दवाइयों एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि क्लब जरूरतमंद कन्याओं के विवाह, वृद्धाश्रमों की सहायता, कैदियों के कल्याण सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान देता है। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन प्रीति बंसल और डॉक्टर सलोनी सिंह बघेल ने किया। समारोह में सदस्याओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। राखी गुलाटी, दीपिका आहूजा, राधा खंडेलवाल, शौभी माथुर,रेणुका नवानी, रेखा जैन, सुमन सुराना, रुचि गुंडवानी और कीर्ति धवन,रिमी सलूजा, बबिता पाठक, आकांशी शर्मा,निर्मल बत्रा जी की प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। समारोह में नीलू सिंह धाकरे, निर्मल बत्रा, दीप्ति दयाल, मनीषा अरोड़ा, बबीता भारद्वाज, पारुल भारद्वाज, प्रतिमा चौहान, प्रीति बंसल,सुनंदा अरोरा, ज्योति चावला,नीरजा माहेश्वरी, स्वीटी, मोनिका तिवारी, अनीता अग्रवाल, सुरभि दुआ, मुक्ता कत्याल, वीणा कौशिक,रंजना ठाकुर,दीपा,सुरिंदर कौर, भूमिका अग्रवाल,अलका सिँह,किरण आनंद सहित क्लब की सभी सम्मानित सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

# श्रद्धा सेवा और मानवता की सेवा का संगम

**सुरेंद्र प्रकाश भारद्वाज की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगा विशाल रक्तदान शिविर**

एनएनआई



**आगरा।** सुरेंद्र प्रकाश भारद्वाज की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, क्लार्क शिराज होटल के पास माल रोड,पर मन्दिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज ने करते हुए कहा रक्तदान से अनेक प्रकार के लाभ होते हैं ज्योतिष शास्त्र में रक्त (खून) का कारक मंगल ग्रह को माना गया है । रक्तदान करने से कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत होता है और मांगलिक दोष का प्रभाव भी कम होता है, तथा मंगल से जुड़े अनिष्ट टल जाते हैं तथा रक्त संबंधी रोगों से राहत मिलती है।

एक रक्तदान से तीन लोगों को जीवन प्राप्त होता है। प्रति वर्ष रक्तदान शिविर लगाने की घोषणा की ! लोकहितम ब्लड बैंक के महासचिव श्री अखिलेश अग्रवाल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक 3 माह में एक बार रक्तदान कर सकता है रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की हानि नहीं होती है अनेक प्रकार की लाभ प्राप्त होते हैं।

रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी शैलेंद्र कुमार पांडे की भी उपस्थित रही। रक्तदान करने वालों में महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज,समाजसेवी श्याम भोजवानी, माधव भारद्वाज, अमित कपूर, आशीष सिंघल, अजय सिसोदिया, गोपाल शुक्ला, पंकज भाई, रामनिवास गुप्ता, अमित, मनोज गुप्ता, टीकम सिंह, पिंटू यादव, रंजीत सिसोदिया, कमलेश गुप्ता, सुशील, पूजा भारद्वाज, अंशु सिसोदिया, आरती , कविता गुप्ता, श्वेता, शकुंतला, आशा भारती, पूनम, नित्या ,रीमा, वैशाली, डॉली आदि ने रक्तदान किया ।

# युवाओं को 'निःक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को सामाजिक व मनोवैज्ञानिक सहयोग देने के लिए किया प्रेरित

100 वें विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया कार्यक्रम

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी कैंपस में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं 100 वें विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी जी के संरक्षण में विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज द्वारा लगातार कई वर्षों से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आज गृह विज्ञान संस्थान और यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर में कार्यक्रम हुए, जिसमें कुल 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वास्थ्य विभाग से पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट कमल सिंह रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी।

साथ ही गृह विज्ञान संस्थान की डीन व सामुदायिक रेडियो की डायरेक्टर प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. प्रीति यादव, कंप्यूटर सेंटर के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल गुप्ता एवं डॉ. मीनाक्षी चौधरी के सहयोग से छात्रों का टीबी मुक्त भारत मोबाइल ऐप पर पंजीकरण कराया गया।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की कार्यशाला का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** भारत सरकार के उपक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 की ब्रजांचल कार्यशाला का आयोजन एम.डी. जैन इंटर कॉलेज हरीपर्वत आगरा में सफलतापूर्वक किया गया। बच्चों में विज्ञान व नवाचार के प्रति रुचि पैदा करने में शिक्षकों के योगदान विषय पर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के ब्रजांचल समन्वयक डॉ. निखिल जैन ने आगरा व अलीगढ़ मंडल के विभिन्न जनपदों से पधारे जिला समन्वयकों, एकेडमिक समन्वयकों व आगरा जनपद के ब्लॉक समन्वयकों का कार्यशाला में स्वागत किया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय गर्ग एवं उपस्थित वक्ताओं द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस कार्यशाला में 32 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन करते हुए राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने कहा कि वे इस लघु शोध में अधिक से अधिक बाल वैज्ञानिकों को प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें, क्योंकि यह एक सर्वश्रेष्ठ प्लेटफार्म है जिससे विद्यार्थियों की लघु शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी ' विषय विशेषज्ञों में डॉ हरिमान सिंह, डॉ.अनूप चतुर्वेदी,डॉ. राजेश पाराशर, डॉ. विष्णु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

